# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

सितम्बर 2006 (अंक 161) | September 2006 (Issue 161)





श्रीमती एल.एम. वास, संयुक्त सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, क्वालालम्पुर (मलेशिया) में 21 सितम्बर 2006 विश्व बचत बैंक संस्थान के 21 वे विश्व सम्मेलन के दौरान भारतीय परिप्रेक्ष्य में ''बचत बैंक एवं उनके सहयोगी सेविंग्स बैंक एंड फाऊंडेशन एज सपोर्टस आफ कम्मुनिटीज म्युनिसपीलिटी एंड लोकल अथोरिटी'' पर पेपर प्रस्तुती करते हुए।

## भारत ने क्वालालम्पुर (मलेशिया) में विश्व बचत संस्थान के 21 वे विश्व सम्मेलन में भाग लिया।

भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने श्रीमती एल.एम. वास आई.ए.एस., संयुक्त सचिव (बजट) भारत सरकार वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधित्व में श्रीमती अनुराधा प्रसाद, निदेशक (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय और श्री अनिल भट्टाचार्य, विभाग प्रमुख, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने सदस्य के रूप में क्वालालम्पुर मलेशिया में विश्व बचत बैंक संस्थान के 21 वे विश्व सम्मेलन में 20 से 22 सितम्बर 2006 तक भाग लिया। इस सम्मेलन में विश्व बचत बैंक संस्थान के मुख्यालय ब्रुसेल्स (बेल्जीयम) के साथ-साथ पुरे विश्व के 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय बचत बैंक ''रिटेल गेटवे टू ए ग्लोबल मार्केट ड्राईविंग सस्टैनेबल डेवलपमेंट'' था।

पहली बार राष्ट्रीय बचत संस्थान को विश्व बचत बैंक संस्थान को एक बोर्ड मेम्बर चुना गया और जिसकी प्रथम बैठक दिनांक 20 सितम्बर 2006 को हुई। इस बैठक में श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने सदस्य के रूप में भाग लिया। विश्व सम्मेलन 21-22 सितम्बर 2006 को मलेशिया सरकार के द्वितीय वित्त मंत्री मि. तन श्री नुर मोहम्मद याकोब की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के दौरान श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने भारतीय परिप्रेक्ष्य में 'सेविंगज बैंक एंड फाऊंडेशन एज सपोर्ट आफ कम्युनिटीज, म्युनिसिपल एंड लोकल अथोरिटी'' विषय पर प्रस्तुतीकरण किया जिसकी सभी प्रतिनिधियों ने प्रशंसा की। इस सम्मेलन ने प्रतिनिधि मंडलों को सामाजिक कारपोरेट उत्तरदायित्व के क्षेत्र में विभिन्न देशों के बचत बैंकों द्वारा अपनाई जानेवाली विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाने में मदद की।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE
http://nsiindia.gov.in.
राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




भारतीय प्रतिनिधि मंडल (बायें से दाये) श्रीमती अनुराधा प्रसाद, निदेशक (बजट), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती एल.एम. वास, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय और श्री अनिल भट्टाचार्य, विभाग प्रमुख, राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्वालालम्पुर (मलेशिया) में विश्व बचत बैंक संस्थान के 21 वे विश्व सम्मेलन के दौरान दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 14 से 28 सितम्बर 2006 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, केन्द्रीय कार्यालय नागपुर तथा उसके अन्य दस केन्द्रो पर दिनांक 14 से 28 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा आयोजित करने का उद्देश्य दैनंदिन कार्यो में राजभाषा के प्रयोग को बढावा देना था। हिन्दी कार्यशाला का उद्घाटन श्री एस.के. मिश्रा, महाप्रबंधक, सरकारी व्यवसाय इकाई, स्टेट बैंक के द्वारा दिया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मधुमिता सरकार, देब, महा प्रबंधक सरकारी बिजनेस आपरेशन, भारतीय रिझर्व बैंक, नागपुर ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में श्री एस.के. मिश्रा ने कहा हिन्दी एक बहुत ही सरल और आसान भाषा है और हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होती। हिन्दी न केवल भारत में अधिकांश लोगों द्वारा बोली जाती है अपितु विदेशों में श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय बचत संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की अपिल की। श्री एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त ने राष्ट्रीय बचत संस्थान में राजभाषा हिन्दी के बढ़ावे के लिये किये गये कार्यों की जानकारी दी। इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे सामान्य ज्ञान, प्रश्न मंच, कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिनांक 19.9.2006 को केन्द्रीय कार्यालय नागपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़े के समापन के अवसर पर दिनांक 28.9.2006 को समापन समारोह का आयोजन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभागाध्यक्ष द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। श्री जे.पी. सिंह हिन्दी अधिकारी ने पखवाड़े को सफल बनाने में अथक प्रयास किया।




श्री एस.के. मिश्रा, महाप्रबंधक, सरकारी व्यवसाय ईकाई, भारतीय स्टेट बैंक मुंबई 14 से 28 सितम्बर 2006 के दौरान, राष्ट्रीय बचत संस्थान, केन्द्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुये। साथ ही (बाये से दाये) श्रीमति मधुमिता सरकार देब, महाप्रबंधक, सरकार बिजनेस आपरेशन, भारतीय रिझर्व बैंक, नागपुर, श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, एन.एस.आय. और श्री एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त भी दिखाई दे हे है।



श्री शाहिद मंजूर, माननीय वित्त राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ केन्द्र द्वारा लखनऊ में दिनांक 15 सितम्बर 2006 को आयोजित संचायिका समारोह दिवस पर श्रीमती प्रेमा चौधरी, प्राचार्य जनता गर्लस् इंटर कालेज लखनऊ को शिल्ड प्रदान करते हुये (बाये से दाये) श्री ए.के. चौहान, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, श्री अजय कान्त, क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.आय. लखनऊ, डा. सुरजित सिंह, प्रबंधक जनता गर्लस् इंटर कालेज और श्री मुकेश मित्तल, विशेष सचिव (वित्त) और अतिरिक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत उ.प्र. सरकार भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में संचायिका दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष संचायिका दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा संचायिका दिवस 15 सितम्बर 2006 को पूरे देश में क्षेत्रीय केन्द्रो के मुख्यालय पर मनाया गया। संचायिका दिवस मनाने का उद्देश्य स्कूल जानेवाले बच्चों में बचपन से ही बचत की आदत का विकास करना एवं बैंकिंग कार्य पद्धति की जानकारी देना क्योंकि संचायिका योजना विद्यार्थियों द्वारा स्कूल में ही चलाया जाता है। संचायिका योजना के अन्तर्गत जो रकम जमा होती है उसे डाकघर में डाकघर बचत खाते में जमा कर दिया जाता है। संचायिका दिवस समारोह को देश भर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया द्वारा प्रचार किया गया। राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस 15 सितम्बर पर विशेष विज्ञापन डी.ए.वी.पी. की मदद से पूरे देश में समाचार पत्रों में जारी किया।

## भारत सरकार ने मासिक आय योजना पर स्पष्टीकरण जारी किया।

यह प्रश्न उठाया है कि 3 वर्षों की समाप्ति पर समय पूर्व खाता बन्द करने पर जमा का एक प्रतिशत कटौती लागू होगी। इसपर वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि उन मासिक आय योजना के वर्तमान खातों पर जो खाता खोलने से तीन वर्षों की समाप्ति पर और समय पूर्व बन्द किये गये हो कटौती की जायेगी। उसी प्रकार उन खातों पर जो अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 59 (ई) दिनांक 10.2.2006 की तारीख या उसके बाद खोले गये हो से भी कटौती की जायेगी।




श्री एस.के. त्रिपाठी, उप राष्ट्रीय बचत आयुक्त, राष्ट्रीय बचत संस्थान, क्षेत्रीय केन्द्र नागपुर द्वारा आयोजित संचायिका दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। (बाये से दाये) श्री एम.एल. गंगोरे, उप निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर केन्द्र, श्री वी.बी. वराडपांडे, प्राचार्य, न्यू इंग्लिश हायस्कूल नागपुर तथा दीपक वर्मा, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से जून 2006 तक अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| अनु. क्र. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2005 तक | | जून 2006 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2419.80 | 1060.09 | 2268.12 | 797.13 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 13.21 | 6.77 | 13.97 | 7.06 |
| 3. | असम | 518.25 | 125.67 | 326.80 | -215.77 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 7.18 | 3.48 | 4.68 | 2.26 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 88.48 | 12.54 | 56.23 | -4.86 |
| 6. | बिहार | 1223.30 | 447.08 | 1071.44 | 368.73 |
| 7. | झारखंड | 593.42 | 222.11 | 471.46 | 212.27 |
| 8. | चंडीगढ | 110.46 | 17.03 | 94.63 | -12.96 |
| 9. | दमण एवं दीव | 9.73 | 3.88 | 47.86 | 20.84 |
| 10. | दिल्ली | 1882.06 | 826.04 | 1529.75 | 420.01 |
| 11. | गोवा | 126.70 | 70.66 | 108.58 | 57.05 |
| 12. | गुजरात | 4020.90 | 1695.90 | 3336.47 | 1180.11 |
| 13. | हरियाणा | 1253.82 | 404.71 | 1133.45 | 256.26 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 577.99 | 196.83 | 524.51 | 163.16 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 379.44 | 134.49 | 307.31 | 95.30 |
| 16. | कर्नाटक | 1887.53 | 830.16 | 1694.34 | 447.55 |
| 17. | केरल | 1442.49 | 648.90 | 1194.47 | 398.39 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.23 | 0.11 | 0.31 | 0.17 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1173.09 | 422.67 | 1054.25 | 371.40 |
| 20. | छत्तीसगढ | 334.56 | 146.30 | 341.88 | 122.02 |
| 21. | महाराष्ट्र | 5065.67 | 2605.19 | 3829.62 | 1314.64 |
| 22. | मणिपुर | 23.55 | 6.25 | 19.25 | 2.23 |
| 23 | मेघालय | 40.51 | 12.09 | 28.58 | 2.86 |
| 24 | मिझोरम | 27.94 | 9.52 | 14.89 | 1.72 |
| 25. | नागालैंड | 7.25 | 2.42 | 7.41 | 2.86 |
| 26. | उडीसा | 692.26 | 276.57 | 591.21 | 222.66 |
| 27. | पांडीचेरी | 28.30 | 10.08 | 29.87 | 4.91 |
| 28 | पंजाब | 2317.54 | 672.64 | 2079.69 | 541.98 |
| 29 | राजस्थान | 1957.95 | 738.35 | 1571.19 | 340.72 |
| 30. | सिक्कीम | 18.13 | 4.30 | 4.25 | 0.98 |
| 31. | तमिलनाडू | 2714.10 | 1177.43 | 2504.02 | 815.96 |
| 32. | त्रिपूरा | 114.44 | 46.78 | 91.77 | 33.36 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 4026.34 | 1396.75 | 3319.31 | 1073.74 |
| 34 | उत्तरांचल | 489.26 | 180.68 | 485.98 | 157.92 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 5171.13 | 2357.16 | 3655.98 | 1586.46 |
| | कुल | **40757.02** | **16771.61** | **33813.53** | **10789.11** |

टिप्पणी डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त प्रारंभिक आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ.(बैंक) संग्रहण शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR